अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 19 फरवरी 2024
माघ शुक्ल-दशमी
विक्रम संवत-2080

PAGE NO. 06 : MIDDLE

वाद्ययंत्रों से शास्त्रीय रागों को प्रस्तुत किया

रिद्धिमा में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। स्रोत : संस्था

संगीत की शाम का श्रोताओं ने भरपूर लुत्फ लिया

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। रिद्धिमा में वाद्ययंत्र गुरुओं और विद्यार्थियों ने इंस्ट्रूमेंट सिंफनी में वाद्ययंत्रों के माध्यम से शास्त्रीय रागों को प्रस्तुत किया। संगीत की इस शाम का श्रोताओं ने भरपूर लुत्फ लिया।

कार्यक्रम के आरंभ में रिद्धिमा के वाद्ययंत्र गुरु, गायन गुरु और गायन के विद्यार्थियों के साथ भरतनाट्यम गुरु ने अहीर भैरव, मंगल भैरव और बैरागी भैरव रागों को साधा। वाद्ययंत्रों पर विद्यार्थी शिवांग अग्रवाल और गुरुओं ने राग भोपाली में मध्य लय की बंदिश बजाई और द्रुत लय में इसका समापन किया। इंस्ट्रूमेंट गुरु हिमांश चंद्रा और विद्यार्थी अथर्व पाठक ने गिटार की कर्णप्रिय धुनों के जरिये नदी में बैठे होने का अहसास कराया।

अंत में उमेश मिश्रा (सारंगी), कुंवर पाल (सितार), सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), टुकुमनी सेन (हारमोनियम और स्वर मंडल), सूरज पांडेय (बांसुरी), आशीष सिंह (कीबोर्ड), हिमांश चंद्रा (गिटार), अमर नाथ (तबला), सुमन विस्वास (मृदंगम), रॉनी फिलिप्स (सेक्साफोन), प्रियांशु (ड्रम) और सुरेंद्र (कांगो) ने भारतीय और पाश्चात्य वाद्ययंत्रों की संगत से राग मिश्र मधुकौस को प्रस्तुत किया।